तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025

12 पेयजल किल्लत के विरोध में जताया रोष



12 स्कूली खेलों में जींद ओवरऑल चैंपियन



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट से ट्रैक्टर चालक की मौत

**कैथल।** कलायत एरिया में नेशनल हाईवे 152 पर अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर ठीक कर रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फतेहाबाद के गांव ठरवी निवासी जयपाल के रूप में हुई है। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया।

### खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए युवा करवाएं पंजीकरण

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सांसद नवीन जिन्दल के निर्देशानुसार 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। खो-खो, कब्बड्डी, पोलो, रस्सा कस्सी, हॉकी, एथलेटिक्स, कुश्ती, बॉक्सिंग, जूडो, शूटिंग, आर्चरी, स्कीपिंग रोप (रस्सा कूद) खेल प्रतियोगिताएं कराईं जाएंगी।

### गांव मखंड में बुजुर्ग महिला से मारपीट

**जींद।** गांव मखंड में घर में घुस कर बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मखंड निवासी मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 80 वर्षीय बुआ उनके घर आई हुई थी। दोपहर को गांव उदयपुर निवासी अनिल उनके घर में घुस आया और उसकी बुआ के साथ मारपीट की।

### गांव पबनावा में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जिले के गांव पबनावा में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव पबनावा के सुरेंद्र ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 अगस्त को शाम के करीब 6:30 बजे गांव के ही रोशनलाल, रामपाल, राहुल, मोटू, विकास, महेंद्र, भूषण सिंह ने अपने 6-7 अन्य साथियों के साथ मिलकर हमला करते उसे व उसके परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया।

### मकान से 25 तोले सोना व नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** कुंदन सिनेमा के पास बंसत विहार कालोनी में बीती रात चोरों ने फर्नीचर व्यापारी के घर से 25 तोले सोना के जेवरात, 39 हजार रुपये की नगदी तथा दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए। व्यापारी की शिकायत पर शहर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला के साथ अभद्रता के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप में व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बढ़सीकरी खुर्द के एक व्यक्ति ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में नर्सरी चलाता है। आरोप है कि 19 सितंबर को जब उसकी पत्नी नर्सरी पर थी तो गांव का ही बलजीत नामक युवक उसकी नर्सरी पर आया तथा उसकी पत्नी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते अनाप-शनाप बोल रहा था।

### डाइट ईक्कस में संगोष्ठी आयोजित

**जींद।** ईक्कस गांव के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र में किशोरावस्था शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय लघु प्रशिक्षण संगोष्ठी में जिला जींद के राजकीय वमावि के प्रधानाचार्यों के लिए स्कूल प्रशासन व प्राचार्य की भूमिका बाल केंद्रित सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर जीवन कौशल व भावनात्मक कल्याण को बढ़ाना विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

### टॉवर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम पुलिस के एएसआई जसबीर की टीम द्वारा करते धनौंदा महेंद्रगढ निवासी हंसराज व बेहल भिवानी निवासी सुनील को गिरफ्तार कर लिया।

## परिवार के लोग गए थे बाहर, घर में अकेला था राजकुमार

# कमरे में आग का रहस्य गहराया ये इत्तफाकिया या पड्यंत्र का हिस्सा

**हादसे के दौरान घर के पास से गुजरी कार बढ़ाया संदेह, परिजन बोले जांच हो**

*आग इतनी भीषण की शव के नाम पर बचा था मास का लोथडा, फिलहाल पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है,कार इत्तफाकिया वहां से गुजरी या पड़यंत्र का हिस्सा रही। यह जांच का विषय है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अमरहेड़ी में शनिवार सुबह सरकारी स्कूल के अध्यापक की अपने मकान में जिंदा जलकर मौत हो गई। मकान में आग कैसे लगी यह रहस्य बना रहा। आग अपने आप लगी या योजनाबद्ध तरीके से लगाई गई, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। शव के हालात ऐसे रहे कि केवल मांस का लोथडा बचा था। आग लगने के दौरान कोई शोर शराबा हुआ, आग लगने के बाद बचने की कोशिश का निशान भी नही मिला। यह जरूर सुनने को मिली कि जब लोग घर से निकल रही आग की लपटों को देख घर की तरफ दौड़े तो एक कार वहां से काफी दूर निकल चुकी थी। कार इत्तफाकिया वहां से गुजरी या पड्यंत्र का हिस्सा रही। यह जांच का विषय है। हालांकि परिजनों ने मौत पर संदेह जताते हुए हत्या बताया है लेकिन रजिश तथा हत्या की वजह किसी को नही बताई। फिलहाल पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।







जींद। मामले की जानकारी देते डीएसपी संजय कुमार व जला समान, घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन।

### अकेला घर में था अध्यापक पत्नी और बच्चे थे बाहर

जैजैवंती निवासी राजकुमार सरकारी अध्यापक था। उसकी डयूटी गांव खेडाखेमावती में थी। वह पिछले आठ साल से गांव अमरहेड़ी में मकान लेकर रह रहा था। मृतक की पत्नी सुनीता भिवानी अस्पताल में अपनी डयूटी पर गई थी। बेटी परीक्षा की कोचिंग के लिए दिल्ली गई थी। बेटा हिमांशु अपने चाचा के पास रोहतक गया हुआ था। रात को घर में अकेला राजकुमार था। जिसकी शनिवार को सुबह संदिग्ध हालात मे मकान मे आग लगने से राजकुमार की जिदां जलकर मौत हो गई।

### न फटा गैस सिलेंडर, न शॉर्ट सर्किट की संभावना

आग में जिंदा जलने से अध्यापक राजकुमार की मौत हो गई। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कमरे में आग कैसेलगी। जिसमें बैड समेत वह जल गया। शव के नाम पर केवल मास का लोथडा था। न तो मकान में गैस सिलेंडर फटा और न ही शॉर्ट सर्किट की कोई संभावना दिखाई दी। आग इतनी भीषण रही कि छत का पंखा तथा ईंटे भी निचे गिर गए। मकान के मेन गेट के अंदर से ताला लगा हुआ था। गाड़ी भी सुरक्षित खड़ी हुई थी। जबकि राजकुमार को नशे से भी दूर बताया जा रहा है।

### जाग चुके थे लोग आग की लपटे देखी तो दी सूचना

ग्रामीणों का कहना था कि घटना लगभग पांच बजे सुबह की है। वे जाग चुके थे। उन्हें राजकुमार के घर आग की लपटें दिखाई दी। मेन दरवाजा अंदर से बंद था। जिस पर उन्होंने सूचना फायर बिग्रेड तथा पुलिस को दी। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि जब वे मकान की तरफ दौड़े तो उसके मकान के साथ से गाड़ी तेज से निकल गई। अब गाड़ी इत्तफाकिया वंहा से निकली थी या कोई षडयंत्र का हिस्सा , इसका पता तो पुलिस जांच के बाद हो पाएगा। सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ पता चल पाएगा।



पूंडरी। गांव पिलनी में सिंचाई विभाग द्वारा हाल ही में बनाई गई पुली का दृश्य।

# गांव पिलनी में सिंचाई विभाग की पुलिया दे रही हादसों को न्योता

- ठेकेदार का लाइसेंस रद्द हो, अफसरों की जेब से वसूली हो नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव पिलनी में पूंडरी लिंक मार्ग पर रोड समाज के डेरे की साइट के पास खेतों में जाने के लिए बनाई गई पुली किसानों की जान के लिए खतरा बन चुकी है। सिंचाई विभाग ने महज एक माह पूर्व पुली का निर्माण करवाया था, लेकिन आज इसकी हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा घट सकता है। पुली के किनारे टूट रहे हैं, सतह उखड़ चुकी है और आसपास की मिट्टी बैठ गई है। यह सब घटिया सामग्री और भ्रष्टाचार की देन है। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सरकार को करोड़ों का चुना लगा रहे हैं। जनता के टैक्स से बने इस पुल की उम्र एक महीने भी पूरी नहीं हुई और यह जर्जर हो गया। किसानों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह साफ भ्रष्टाचार है और इसकी सीधी जिम्मेदारी संबंधित अफसरों और ठेकेदार की बनती है। किसानों ने मांग की कि सबसे पहले इस कार्य में शामिल ठेकेदार का लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाए। साथ ही जिन अधिकारियों ने कार्य को पास किया है उनकी जांच हो और नुकसान की भरपाई उनकी जेब से की जाए।

### पैनल्टी लगाई जाएगी

किसानों ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह भ्रष्ट अफसर और ठेकेदार ऐसे घटिया निर्माण करके सरकारी खजाने को लूटते रहेंगे और जनता की जान खतरे में डालते रहेंगे। इस मामले पर कार्यकारी अभियंता निशांत कुमार ने कहा कि पुली में जो भी कमी है उसे डिस्मेंटल करके दोबारा बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दोषी ठेकेदार पर पैनल्टी लगाई जाएगी ।

# जमीन की सौदेबाजी कर हड़पे 53 लाख, तीन पर धोखाधड़ी का केस

- जिस जमीन का सौदा किया, उस जमीन के मालिक निकले और

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव किलाजफरगढ़ में जमीन की सौदेबाजी कर 53 लाख हडपने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। गांव करौंथा निवासी पालेराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव किलाजफरगढ़ निवासी महेंद्र से आठ जनवरी 2024 को 46 कनाल आठ मरले जमीन खरीदी थी। जिसमें आरोपितों को 58 लाख रुपये बयाना देकर रजिस्टरी का समय निर्धारित कर लिया। जब रजिस्टरी की तारीख आई तो आरोपित आनाकानी करने लगा। जब उन्होंने अपने स्तर पर जांच की तो सामने आया कि जमीन के असल मालिक रवि, संदीप तथा होशियारी ने जमीन पहले ही किसी और को बेच रखी थी। जब उन्होंने बयाना राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने पांच लाख रुपये वापस कर दिया। बकाया राशि के लिए समय मांगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी आरोपितों ने राशि नही दी। जब उसने आरोपितों पर दबाव बनाया तो उन्होंने राशि लौटाने से मना कर दिया।

### मामले की जांच जारी

जुलाना थाना पुलिस ने पालेराम की शिकायत पर किलाजफरगढ़ निवासी महेंद्र, गांव बालम निवासी सुधीर, गांव करसोला निवासी सुधीर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रदर्शन कर पीएमओ को सौंपा मांगपत्र

- नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग पर करोड़ों खर्च किए जाने पर खड़े किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भवन निर्माण कामगार यूनियन के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नागरिक अस्पताल की पुरानी जर्जर बिल्डिंग पर 14 करोड़ रुपये खर्च किए जाने पर रोष जताया और मांगों को लेकर ज्ञापन पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया को सौंपा। यूनियन ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा केवल सतही लीपापोती की जा रही है। जबकि इमारत में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यूनियन जिला प्रधान जोगिंद्र ईगराह, सचिव संदीप जाजवान, उपाध्यक्ष कपूर सिंह व कश्मीर सिंह ने कहा कि नागरिक अस्पताल का भवन बेहद खस्ताहाल स्थिति में है और इसमें सतही मरम्मत कराना गंभीर हादसों को न्योता देना है। यूनियन ने मांग की कि इस इमारत का तकनीकी सर्वे करा कर या तो इसे पूरी तरह सुरक्षित तरीके से रिपेयर किया जाए या फिर नया भवन खड़ा किया जाए। यूनियन ने रेनोवेशन कार्य में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। मजदूरों से बिना सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और दस्ताने के काम कराया जा रहा है।



जींद। मांगों को लेकर पीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजदू

इस मौके पर राजेश कुमार, सुभाष पांचाल, दीनदयाल, जगदीश करसिंधु, सुल्तान जांगड़ा, खुजानी, कमलेश, पवन कुमार सहित अन्य मजदूर नेता मौजूद रहे। उन्होंने मांग की कि अस्पताल भवन का सही तरीके से रिपेयर करवाया जाए या नया निर्माण हो। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाया जाए। कार्य घंटों का नियमन और ओवरटाइम भुगतान किया जाए। निर्माण कार्य की पारदर्शी निगरानी के लिए स्वतंत्र समिति का गठन किया जाए। जो सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं करते उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए।



कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

### पराली प्रबंधन सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि पराली प्रबंधन हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पराली जलाए जाने का कोई भी मामला सामने आता है तो नियमानुसार जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जिला प्रशासन का प्रयास है कि पराली जलाने की बजाए पराली प्रबंधन में काम करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करें। ताकि उन्हें पराली एकत्रित करके उसे मार्केट तक पहुंचाने में परेशानी न हो और किसानों को भी पराली प्रबंधन में मदद मिल सके। डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिले में पराली का प्रबंधन करने वाली फर्म मालिकों की जिले के बैंकर्स व बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। इस बैठक का उद्देश्य पराली प्रबंधन करने वाली फर्म संचालकों की बैंकों से ऋण दिलवाए जाने व पराली प्लांट का बीमा करवाए जाने में आने वाली परेशानियों को दूर करना था। डीसी प्रीति के निर्देशानुसार इस बैठक में जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, जिले के तीनों एसडीएम अजय सिंह, कैप्टन प्रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।


# कॉलेज की जमीन पर स्टोर बनाने से खफा ग्रामीण बीडीपीओ से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव गांव बीर बांगड़ा द्वारा राजौंद में बनने वाले कालेज के लिए दी गई जमीन पर अब लोक निर्माण विभाग का स्टोर बनाने से खफा ग्रामीण राजौंद बी डी पी ओ से मिले। इस बारे गांव निवासी संदीप ऋषिपाल ने बताया की राजौंद में कोई भी संस्थान बनाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है और जब राजौंद कालेज बनाने का प्रस्ताव आया तो बीर बांगड़ा गांव की पंचायत द्वारा गांव की पंचायती जमीन से कालेज बनाने के लिए करीब छह एकड़ जमीन कालेज के नाम देने का प्रस्ताव पास किया था। जिस पर सरकार ने सभी औपचारिकताएं पूरी करके कालेज निर्माण की प्रकिर्या आरम्भ कर दी थी। लेकिन राजौंद के लोगों द्वारा संघर्ष समिति बना कर धरना दिया गया व लम्बे समय तक चले धरने व बीर बांगड़ा में कालेज बनाने के विरोध के चलते सरकार व प्रशासन द्वारा कालेज को राजौंद में ही बनाने का आश्वासन दिया गया। कालेज बनाने के लिए दी गई थी।



राजौंद। बीडीपीओ कार्यालय में मिलने पहुंचा ग्रामीणों का एक दल। फोटो :हरिभूमि



उचाना । मंडी में आया बाजरा। फोटो :हरिभूमि

### मंडी में बाजरा की आवक प्रारंभ

**उचाना।** मंडी में बाजरा की आवक शुरू हो चुकी है। इन दिनों बाजरा के भाव 2200 रुपये प्रति क्विंटल तक किसानों को अधिक से अधिक प्राइवेट बोली पर मिल रहे है। सरकार द्वारा बाजरा का सरकारी भाव 2775 रुपए प्रति क्विंटल तक किया है। अब तक मार्केट कमेटी में दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार 2054 क्विंटल बाजरा की खरीद हुई है। सरकारी खरीद अब तक शुरू नहीं होने से किसानों को 500 से 600 रुपये प्रति क्विंटल तक का नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द बाजरा की सरकारी खरीद शुरू करें ताकि किसान अपना बाजरा एमएसपी पर बेच सकें। उचाना किसान, मजदूर धरना संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि सरकार ने एमएसपी तो तय कर दिया लेकिन सरकारी खरीद पर फसल नहीं खरीदी जा रही है। किसानों को मजबूरी में औने-पौने दामों पर बाजरा की फसल बेचनी पड़ रही है। 2200 रुपये प्रति क्विंटल अधिक से अधिक भाव बाजरा का मिल रहा है।

**आस्था** एक अक्टूबर को नवरात्र होंगे पूर्ण, मंदिरों में हो रही विशेष साफ सफाई

# शारदीय नवरात्र कल से होंगे प्रारंभ हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

**जिलेभर में सजी पूजा सामग्री की दुकानें, श्रद्धालु कर रहे खरीदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र इस बार 22 सितंबर सोमवार से शुरू होने जा रहे हैं। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 22 सितंबर की रात 1. 23 पर होगा और इसका समापन 23 सितंबर की रात 2 . 55 पर होगा। ऐसे में 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी और श्रद्धालु अपने घरों में कलश स्थापना करेंगे। तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण एक अक्टूबर को नवरात्र पूर्ण होंगे। शारदीय नवरात्र को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई शुरू हो चुकी है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि सबसे पहले सुबह उठ कर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें। पूरे घर को शुद्ध करने के बाद मुख्य द्वार की चौखट पर आम के पत्तों का तोरण लगाएं। पूजा के स्थान को साफ करें और गंगाजल से पवित्र कर लें। अब वहां चौकी लगाएं और माता की प्रतिमा स्थापित करें। दुर्गा मां और गणेश जी का नाम लें। इसके बाद उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा में कलश की स्थापना करें। कलश स्थापना के लिए पहले एक मिट्टी के बर्तन में जौ के बीज बोएं। फिर एक तांबे के कलश में पानी और गंगाजल डालें।

### हाथी पर मां का आगमन शुभ

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहे हैं और इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होगा। तृतीया तिथि बढ़ जाने के कारण एक अक्टूबर को नवरात्र पूर्ण होंगे। हाथी पर मां का आगमन शुभ माना जाता है। वैसे तो साल में चार बार नवरात्रि मनाई जाती है। चैत्र वासंती नवरात्रि, शारदीय नवरात्रि (अश्विन नवरात्रि) के अलावा दो गुप्त नवरात्रि (माघ और आषाढ़) भी होती हैं। इनमें सबसे ज्यादा महत्व शारदीय नवरात्रि का है, जो अश्विन माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होती है।

### मंदिरों को सजाया जा रहा

शारदीय नवरात्र को लेकर बाजार माता की मूर्ति, चुनरी, प्रसाद, कलश, पंचमेवा, अखंड ज्योत व आसन से सज गए हैं। श्रद्धालु भी बाजारों में पिछले पूजा सामग्री की खरीददारी कर रहे हैं। इसके अलावा मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। शारदीय नवरात्रों के लिए मैया की मूर्तियों के साथ ही पौषाक, चुनरी और कलश की बिक्री बढ़ी है। मंदिरों पर भी कार्यक्रमानुसार तैयारियां चल रही हैं। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित अन्य सामग्री खरीद रहे हैं।

# जयपुर जाने वाली एसी बस को चंडीगढ़ रूट पर लगाया

- जयपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या कम होने के चलते उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जयपुर जाने वाली एसी बस को चंडीगढ़ रूट पर लगाया गया है। अब चंडीगढ़ के लिए सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर बस बस स्टैंड से रवाना होगी। पहले यह बस पांच बजकर 20 मिनट पर जयपुर के लिए चलाई गई थी लेकिन वहां यात्रियों की संख्या कम होने के चलते पायदा नहीं मिल रहा था। ऐसे में इस बस को अब चंडीगढ़ रूट पर चलाया गया है। गौरतलब है कि जींद डिपो में इस समय दस एसी बस हैं। इसमें से एक बस सफीदों व एक बस नरवाना उपकेंद्र में है। सफीदों वाली बस को दिल्ली तो नरवाना वाली बस को वाया हिसार से चंडीगढ़ चलाया जा रहा है। जींद से चंडीगढ़ रूट पर पांच एसी बस चलती हैं। ऐसे में पहली बस सुबह छह बजकर 40 मिनट पर चलती हैए जो वाया 152 डी के रास्ते होकर जाती है। इसके अलावा दूसरी एसी बस सुबह नौ बजकर 20 मिनटए तीसरी बस सुबह 10 बजकर 50 मिनट, चौथी बस दोपहर 12 बजे और पांचवीं बस दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर चलती है।

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ पिला कर महिला से दुष्कर्म

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में महिला के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने पर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि लगभग तीन साल पहले गांव के ही सुमित ने उसे जूस में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### नवरात्र पर मीट की दुकानें बंद रखने की मांग उठाई

**जींद।** विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिलाना ने डीसी कार्यालय में नगराधीश को ज्ञापन देकर नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर धार्मिक आस्थाओं एवं जनभावनाओं का सम्मान करते हुए जिले में संचालित मांस एवं मछली की सभी दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मंदिरों, शिक्षण संस्थानों और रिहायशी क्षेत्रों के आसपास चल रही ऐसी दुकानों से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत होती हैं।

### बीमा योजनाओं को लाभ उठाएं आमजन : डीसी

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के पुार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। सभी इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

### संदिग्ध हालात में युवती और महिला लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से युवती तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नई सब्जी मंडी के निकट रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। वहीं गांव भम्भेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### शियन कैडेट कप में लिवजोत ने जीता रजत

**जींद।** हल्द्वानी में आयोजित एशियन कैडेट कप में भारत के उभरती हुए खिलाड़ी लिवजोत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में लिवजोत ने अपने बेहतरीन खेल और कड़ी मेहनत के दम पर यह उपलब्धि प्राप्त की। लिवजोत की इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय और क्षेत्र का भी नाम रोशन हुआ है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार .2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन अवाडर्स-जीओवी डॉट इन पोर्टल पर 30 सितंबर तक कर सकते हैं। चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नकद व प्रमाण पत्र तथा व्यक्ति को पांच लाख नकद और प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा।

### नई उड़ान अभियान के तहत वर्कशॉप का आयोजन

**जींद।** सीजेएम मोनिका के मार्गदर्शन में डीएलएसए के सभागार में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता देवराज मलिक ने बताया की नई दिशा नई उड़ान अभियान के तहत किशोरों और युवाओं के अधिकारों की नई पहचान और नई ताकत देने का प्रयास है। इस अभियान का मूल उद्देश्य समाज में ऐसी सोच और वातावरण का निर्माण करना है।

### पर्यावरण को हरा-भरा व स्वच्छ बनाना लक्ष्य

**जींद।** नायब तहसीलदार बलराज ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत पूरे देश में पौधारोपण, रक्तदान शिविर, बीमार व्यक्तियों को फल वितरण सहित विभिन्न जन कल्याण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

---

*सबमर्सीबल मोटर की जली केबल 11 दिन बाद भी नहीं बदली*

# पेयजल किल्लत के विरोध में बधानावासियों ने जताया रोष

*टैंकर से हर घर तक नहीं पहुंच रहा पानी, विभाग के खिलाफ नारेबाजी*

**अधिकारियों की मायूसी से लोगों के कंठ सूखे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। बधाना गांव स्थित जलघर में लगा वह सबमर्सीबल जिसकी केबल जली है। फोटो :हरिभूमि

बधाना गांव स्थित जलघर में नहरी पानी के लिए लगी मोटर के अभी तक चालू न करने तथा 11 दिन बीत जाने के बाद भी सबमर्सीबल की मोटर की जली केबल को न बदलने के विरोध स्वरूप गांव के लोगों ने विभाग के उच्चधिकारियों तथा सरकार के खिलाफ रोष है। गांव के लोगों का कहना है कि विभाग जलघर में नहरी पानी के लिए लगी मोटर को चालू करें तथा सबमर्सीबल की जली केबल को तुरंत प्रभाव से बदले अन्यथा गांव के लोग सड़क जाम करने पर विवश होगें। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। बधाना गांव के रामकरण, राजेश, कुलवंत, बिंद्र, रमेश, जोगिंद्र, विकास आदि ने बताया कि गांव स्थित जलघर में काफी समय पूर्व विभाग ने नहरी पानी की उपलब्धता के लिए मोटर तथा पंपसेट लगाने का काम किया था, लेकिन विभाग ने उससे अभी तक चालू भी नहीं किया था कि इसी दौरान जलघर में लगे सबमर्सीबल की मोटर की केबल भी जल गई है, लेकिन विडंबना देखिए कि जली केबल के 11वें दिन में प्रवेश करने के बावजूद भी विभाग ने उससे बदलने की जहमत नहीं उठाई और विभाग ने गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने का एक मात्र विकल्प टैंकर ही चुन लिया, लेकिन टैंकर के माध्यम से पूरे गांव की पीने के पानी की मांग पूरी करना विभाग के लिए एक चुनौती से कम नहीं है। इसके लिए गांव में जहां भी पीने के पानी का टैंकर जाता है तो महिलाओं में पानी के लिए भगदड़ मच जाती है और नौबत लड़ाई झगड़े तक पहुंच रही है।

**केबल की भेजी डिमांड : जेई रोहित**

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई रोहित ने बताया कि बधाना गांव स्थित जलघर में लगे सबमर्सील की मोटर की केबल के जल जाने पर डिमांड विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजी है। उच्च अधिकारियों की तरफ से अपूल मिल जाने के बाद केबल को खरीद कर मोटर की जली केबल को बदलने का काम किया जाएगा। फिलहाल विभाग की तरफ से गांव में पीने के पानी के टैंकर भेजने का काम किया जा रहा है।

**महिलाएं परेशान**

गांव के लोगों ने बताया कि गांव का भूमिगत जल खारा होने तथा टैंकर से गांव की पूरी आपूर्ति न होने के कारण महिलाओं को दूर-दराज खेतों में लगे सबमर्सीबलों का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके लिए महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि गांव में पीने के पानी की किल्लत को लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जिसके कारण गांव के लोगों को आखिरकार सड़क जाम करने जैसा निर्णय लेने पर विवश होना पड़ेगा।

---

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करें

- कृषि केंद्र पांडू पिंडारा में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पौधारोपण करते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

जिला कृषि केंद्र पांडू पिंडारा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों के अंतर्गत वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर के दिशा निर्देशानुसार के द्वारा नमो वन पार्क डा. पवन व उनके स्टाफ के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम के पश्चात संबंधित आमजन मानस को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया। राज्य हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला जिला जिला समन्वक विष्णु बागड़ी बताया लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण और पोषण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जोडऩे का प्रयास है। विष्णु बागड़ी ने आमजन से अपील की की अपने जीवन में काम से कम पांच पौधे लगा कर उनको बचाने का काम अवश्य करें। वन रेंज ऑफिसर अमित शर्मा ने सेवा पखवाड़ा समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमित शर्मा ने बताया कि इन पौधों की नियमित देखरेख सुनिश्चित की जाएगी ताकि वे स्वस्थ होकर बड़े वृक्ष का रूप ले सकें। कहा कि आने वाले समय में नमो वन और नमो पार्क न केवल आसपास के प्रदूषण को कम करने और वायु शुद्ध करने में अहम भूमिका निभाएंगे।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं को किया सम्मानित

**जींद।** साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा राज्य साइकिलिंग एसोसिएशन के सहयोग से खेलों इंडिया अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलों इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन पड़ाना से सामलो कलां रोड पर हुआ। हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने बताया कि प्रतियोगिता में जींद जिले से महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिप चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। मुख्यअतिथि ने खिलाडियों को हरी झंडी दिखा कर महिला खेलों इंडिया साइकिलिंग लीग की रेस का शुभारंभ किया और खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

### ईएसआई डिस्पेंसरी का स्वास्थ्य जांच कैंप आज

**जींद।** श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के तहत ईएसआई डिस्पैंसरी जींद द्वारा हरियाणा लैदर केमिकल में स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। इसमें सामान्य शारीरिक परीक्षण, नियमित जांच और शरीर की सभी प्रमुख प्रणालियों की समीक्षा के माध्यम से उनकी बीमारियों की जांच की जाएगी। शिविर के मुख्यातिथि हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य और प्रसिद्ध समाजसेवी सुनील रेढू होंगे। स्वास्थ्य शिविर में अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. सुभाष जागलान, चिकित्सा अधिकारी डा. निकिता, वरिष्ठ औषधाकारक गुलशन कुमार, औषधाकारक पूजा, एलटी किरण, एएनएम सोनिया खास तौर पर मौजूद रहेंगे।

---

### डीएवी शताब्दी स्कूल के छात्र छाए

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने योग खेल प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाया है। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने योग खेल में पदक प्राप्त करने वाले बच्चों के विषय में बताया कि छात्रों ने 16 सितंबर 2025 से 18 सितंबर 2025 तक रेवाड़ी में आयोजित हरियाणा स्कूल गेम्स योग खेल प्रतियोगिता में स्कूल का नाम रोशन किया है। मनस्वी और एंजेल ने अंडर 14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। स्नेहा ने भी अंडर 17 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। स्नेहा, मनस्वी व एंजेल को एक-एक हजार रुपये नगद पुरस्कार भी मिला। योग करने के लाभ बताते हुए विद्यार्थी ने कहा कि योग दर्द सहन करने की क्षमता को बढ़ाता है और पुराने दर्द को कम करने में भी मदद करता है। योग चयापचय को नियंत्रण में रखता है। क्योंकि आदर्श वजन प्राप्त करने के लिए संतुलित चयापचय आवश्यक है। योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है, पूर्ण विश्राम और अधिक नियंत्रण प्रदान करता है। सभी खिलाडियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए रश्मि विद्यार्थी मेडल पहना कर बधाई दी।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### मेंटरिंग कार्यशाला का किया आयोजन

**जींद।** उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के तत्वावधान में तथा हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला क्षमता निर्माण एवं मेंटरिंग का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले के सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनईपी नोडल अधिकारी और विभागाध्यक्षों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल सिद्धांतों, समग्र एवं बहुविषयी शिक्षा तथा यूजीसी द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क, एनएचईक्यूएफ, आरपीएल, सीसीएफयूपी और सीसीएफपीपी जैसे ढाँचों की जानकारी प्रदान करना रहा। उद्घाटन सत्र में मुख्यअतिथि एस नारायण आईएफएस एवं डीजीएचई उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा ने अपने प्रशासनिक अनुभव और दूरदर्शी दृष्टिकोण से कार्यशाला की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत परिसर में एक पौधारोपण भी किया।

### सैनी महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक

**जींद।** सैनी महासभा हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक शनिवार को अर्बन एस्टेट सैनी धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता करते महासभा के अध्यक्ष कुंवर धर्मचंद सैनी ने कहा कि सैनी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज को सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक क्षेत्र में मजबूत किया जाएगा। प्रदेश स्तर पर अभियान चलाकर समाज के लोगों को एकजुट किया जाएगा। महासभा समाज के आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को ऊपर उठाने का कार्य करेगी। बैठक में महासभा के महामंत्री देवेंद्र सैनी, जिले सिंह सैनी, सतवीर सैनी व अन्य मौजूद रहे। महासभा की बैठक में समाज के सामाजिक, शैक्षणिक व राजनैतिक विकास व जागृति पैदा करने के लिए मंथन किया गया। लगभग तीन घंटे चली इस महत्वपूर्ण बैठक सभी जिलों से प्रतिनिधि भाग लेने पहुंचे। बैठक में समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा को समाप्त करना, युवा वर्ग को नौकरियों के पीछे भागने की बजाए स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करना व राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों को आगे बढ़ाने के अलावा आपसी सहयोग आए प्रतिष्ठि व्यक्तियों से सुझाव लिए गए।



जींद। सैनी महासभा हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक में भाग लेते सदस्य।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### पंद्रह दिवसीय लोक नृत्य कार्यशाला प्रारंभ

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के सभागार हॉल में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के बैनर तले एक 15 दिवसीय लोक नृत्य की कार्यशाला का आयोजन का शुभारंभ हो गया। इसका शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की ओर से मुख्य प्रशिक्षक रीतू शर्मा लगभग 40 बच्चे को लोक नृत्य का प्रशिक्षण देंगे। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की कला एवं सांस्कृतिक नृत्य अधिकारी सुमन डांगी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को हरियाणा की लोक कला संस्कृति से रूबरू करवाना है। इस कार्यशाला में बच्चे हरियाणवी लोक नृत्य घूमर, फॉक खोडिया, रसिया जैसे कई लोक नृत्यों का प्रशिक्षण लेंगे। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को बताया कि साहित्य व कला को सीखने का अवसर सौभाग्य से मिलता है और हम सब सौभाग्यशाली हैं कि इस कार्यशाला में भागीदारी कर रहे हैं। कार्यशाला के अंतिम दिन एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

---



नरवाना। हलके के ग्रामीण इलाके में रैली का न्यौता देने पहुंची विद्या रानी दनौदा का स्वागत करती हुई महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### सम्मान दिवस समारोह का दिया न्योता

**नरवाना।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के जन्मदिवस के मौके पर आगामी 25 सितम्बर को रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस समारोह रैली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है और नरवाना हलके से भारी तादाद में लोग रोहतक में आयोजित होने वाली इस रैली में शिकरत करेंगे। यह बात इनैलो महिला विंग की प्रदेश महासचिव व नरवाना हलके से इनैलो प्रत्याशी रही विद्या रानी दनौदा ने कही। उल्लेखनीय है कि इनैलो के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामपाल माजरा ने सम्मान दिवस समारोह रैली में पहुंचने का निमंत्रण देने के लिए नरवाना हलके का तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उनके साथ इनैलो को जिलास्तीय व हलका स्तरीय नेताओं के साथ.साथ इनैलो नेत्री विद्या रानी दनौदा भी मौजूद रही।

# स्कूली खेलों में जींद ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रतियोगिता में योग का प्रदर्शन करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी में आयोजित हुए स्कूली खेलों में जींद ओवरऑल चैंपियन रहा। जींद के खिलाडिय़ों ने योगा में 10 गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल, एक ब्रॉज मेडल जीते। अब ये खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता के लिए सिलेक्ट हो गए हैं। प्रतियोगिता समाप्ति के बाद जींद के डिवाइन योगा सेंटर पहुंचने पर खिलाडिय़ों का जोरदार स्वागत किया गया। टीम कोच यशोदा आर्या, डिवाइन योगा सेंटर संचालक जोरा सिंह आर्य ने बताया कि 16 से 18 सितंबर तक रेवाड़ी के राज इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। यशोदा आर्या ने बताया कि योगा में अंडर 14 आयु वर्ग में मनस्वी और एंजल रेढू ने पेयर में गोल्ड मेडल, अंडर 17 आयु वर्ग में स्नेहा और हिमांशी के पेयर ने गोल्ड मेडलए लड़कों में अंडर 14 आयु वर्ग में अर्पित और दिव्यांश ने आर्टिस्टिक पेयर में गोल्ड मेडल, रिदमिक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अर्पित ने आटिस्टिक सोलो में सिल्वर मेडल, अंडर 17 आयु वर्ग में हिमांशु और आर्यन ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं अंडर 19 आयु वर्ग में हर्ष ने ब्रॉज मेडल जीता। सभी खिलाड़ी डिवाइन योगा सेंटर पर प्रेक्टिस करते हैं और विभिन्न स्कूलों से जींद जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। प्रतियोगिता में सभी जिलो के 350 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे थे।



जींद। प्रशिक्षण के बाद संस्थान निदेशक के साथ मौजूद प्रशिक्षणार्थी। फोटो :हरिभूमि

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम और गांव किशनपुरा में सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत सर्फ और साबुन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम में 64 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि संस्थान निदेशक सुखबीर दहिया उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के जीवन में सुंदरता का क्या महत्व है व आप अपना ब्यूटी पार्लर का काम शुरू करते हैं तो अपना कार्य शुरू करने से पहले आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना है व किस प्रकार अपने कार्य को धीरे-धीरे बढ़ाना है। इसी प्रकार से सर्फ और साबुन बनाने के कार्य को किस प्रकार शुरू करके आगे बढ़ाना है कि विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस प्रशिक्षण के उपरांत महिलाएं अपना काम शुरु कर सकती हैं। इस प्रकार महिलाएं अपना कार्य शुरू करके अपनी व अपने परिवार की जीवन शैली में सुधार करेंगी। जैसे अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाना, बीमारी की हालत में अच्छे मेडिकल में इलाज करवाना इत्यादि।

---

*प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 10 हजार मीटर लंबी चित्रकारी*

# विश्व रिकॉर्ड के साक्षी बने जींद के चित्रकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कलाकारों द्वारा की चित्रकारी। फोटो :हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर विकसित भारत के रंग, कला के संग एक अद्वितीय और ऐतिहासिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर देशभर से आए नामचीन चित्रकारों ने अपने रंगों और कल्पनाओं से विकसित भारत की जीवंत झलक प्रस्तुत की। यह पेंटिंग विश्व की 10 हजार मीटर सबसे लंबी पेंटिंग का रिकॉर्ड बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। भव्य आयोजन का संयुक्त संचालन त्रिवेणी कला संगम और दिल्ली नगर निगम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस मौके पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी उपस्थित होकर खुले मन से सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसाइटी के चित्रकारों की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने अपने ब्रश और रंगों से बदलते भारत की ऐसी अनूठी तस्वीर उकेरी हैए जो आने वाली पीढिय़ों को सदैव प्रेरित करेगी। साथ ही कार्यक्रम में हर्षवर्धन शर्मा एडवाइजर, आर्ट एंड कल्चर नई दिल्ली नगर निगम ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसाइटी से जुड़े हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और दिल्ली के कलाकारों ने रचनात्मकता और समर्पण से इस ऐतिहासिक पेंटिंग को आकार दिया।

**अनेक कलाकारों ने भाग लिया**

पेंटिंग में अयोध्या का राम मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र, भारतीय कला और संस्कृति, प्राचीन मंदिर स्थापत्य, विज्ञान व रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियां, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, विदेशों में भारत का बढ़ता सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर जैसी ऐतिहासिक झलकियाँ दर्शाई गई। कार्यशाला में प्रमुख रूप से नवीन मरीचि, प्रदीप कुमार (मूर्तिकार), अमित, विकास रोहिल्ला, मोहित बब्बर, राजकुमार, जयश्री, सुमित, डा. आदेश खेरीवाल, डा. राहुल राठौर, हिमांशु पांचाल, नितिन, सुरेश पांचाल, निरजा, पूनम, शिवांगी अग्रवाल सहित अनेक कलाकारों ने भाग लिया और कैनवास पर बदलते भारत की नई तस्वीर उकेरी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पेंटिंग केवल एक कला आयोजन नही बल्कि भारत की विकास यात्रा का रंगीन और सजीव दस्तावेज होगी। कर्तव्य पथ पर बनी यह विश्व की सबसे लंबी पेंटिंग भविष्य में भारत की कला और संस्कृति का एक गौरवशाली स्मारक बनकर उभरेगी।





जींद। स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकालते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस इकाई 1 एवं इकाई 2 के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा, स्वच्छता अभियान का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रांगण से हुआ। अभियान के दौरान स्वयंसेविकाओं ने परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई की तथा स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प को दोहराते हुए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर डा. अमरजीत कौर ने स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता के महत्व पर प्रेरणादायी संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मोनिका एवं प्रीति द्वारा किया गया। दोनों ने स्वयंसेविकाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और उन्हें स्वच्छता को जीवनशैली में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### योग से मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है

**पूंडरी।** पतंजलि योग समिति कैथल द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सह-शिक्षण योग प्रशिक्षण शिविर में आज दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेत्री जिला सचिव महिला मोर्चा निधि मोहन ने दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की और उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है।

### सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू

**राजौंद ।** नगर के बाबा बहादुरबण मंदिर में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुभारंभ किया गया। यह 26 सितंबर तक यह यज्ञ चलेगा। जिसमें सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधिपूर्वक बणेश्वर महादेव का विधान से रुद्राभिषेक किया गया। इस महायज्ञ में नगर का पूरा सहयोग मिलता है। बाबा बहादुर बण मंदिर के महंत तेज गिरी जी ने बताया कि हर वर्ष बाबा बहादुरबण की पुण्य तिथि को लेकर इस यज्ञ का आयोजन किया जाता है।

### सैनी सरकार का किसान विरोधी चेहरा बेनकाब

**कैथल।** हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों के साथ विश्वासघात और अत्याचार की सारी हदें पार कर दी हैं। बाढ़ की त्रासदी से लेकर फसलों की बर्बादी और अब न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद से इनकार तक, भाजपा सरकार ने हर कदम पर किसानों को कर्ज के फंदे में फंसाने और उनके खेत-खलिहानों को अपने /"मित्रों के धंधे/" में सौंपने की साजिश रची है।

### सैनी 25 को करेंगे योजना का शुभारंभ

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि आगामी 25 सितम्बर को हरियाणा सरकार द्वारा दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना हरियाणा राज्य में महिलाओं हेतु शुरू की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी इस दिन पंचकुला से इस योजना का शुभारंभ करेंगे और lado Lakshmi App को लांच करेंगे। उसी दिन से पात्र महिलाएं योजना के लिए पंजीकरण कर सकती हैं।

## जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित सशक्त नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे

# महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा होना बहद जरूरी समय-समय पर करवाती रहें जांचः सुरभि गर्ग

**महिलाओं को आज की बीमारी को कल पर नहीं टालना चाहिएः चेयरपर्सन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त, स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं, जिनका लाभ महिलाओं तक पहुंचा जा रहा है। महिलाओं के लिए उनका स्वास्थ्य अच्छा होना बहुत ही महत्वपूर्ण है। सशक्त नारी केवल परिवार की देखभाल ही नहीं करती, बल्कि परिवार को आर्थिक, सामाजिक और नैतिक आधार पर भी मजबूती प्रदान करती है।

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग शनिवार को जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित सशक्त नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यातिथि अपना संबोधन दे रही थी। इससे पहले उन्होंने नागरिक अस्पताल परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और गहनता से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा की महिलाओं को आज की बीमारी को कल पर नहीं टालना चाहिए। यदि बीमारी का शुरुआत में ही इलाज हो जाए तो गंभीर बीमारी से होने से बच सकती है। इसलिए महिलाएं अपने स्वास्थ्य की जांच समय समय पर कराती रहें। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य महिलाओं के हाथ में है। यदि उनका स्वास्थ्य सही रहेगा तो परिवार स्वस्थ होगा और समाज समृद्ध बनेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा महिलाओं के लिए काफी सोचते हैं। उन्होंने महिलाओं को धुंए से मुक्त करते हुए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत फ्री में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए है।

महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए उन्होंने ड्रोन दीदी कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को जोड़ा है और उन्हें सशक्त बनाया है।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भी पानीपत से चलाया गया था, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है, जिसके पात्र महिला को 2100 रुपये प्रति माह की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में डाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला अपने आप को कभी भी कमजोर ना समझे, उनको अनेक अधिकार मिले हुए है। वे अपने अधिकारों को समझे और उनका उपयोग करें। ज्यादा से ज्यादा बेटियों को शिक्षा की तरफ कदम बढ़ाने चाहिए।




नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए व नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विजेता रही महिलाओं को सम्मानित करते हुए

### महिलाएं स्वयं को रखें जागरूक

सिविल सर्जन डॉक्टर रेणु चावला ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का सफल आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुष विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारी समाज की धुरी है। वह मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में परिवार को संवारने और संस्कार देने का कार्य करती है। यदि नारी शिक्षित, आत्मनिर्भर और जागरूक होगी तो परिवार भी मजबूत होगा। जब नारी को शिक्षा, सम्मान और समान अधिकार मिलते हैं तो वह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देती है, पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती है और समाज को सही दिशा दिखाती है।

### सैकड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य को जांचा

उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। यह सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। महिलाएं अपने स्वास्थ्य की जांच जरूर करवाएं। इस मौके पर आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ एच एस हुड्डा ने योग क्रियाएं के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी महिलाओं को प्रदान की।

### टीबी मरीजों को वितरित की न्यूट्रीशियन किट

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को न्यूट्रीशियन किट व आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। कार्यक्रम के उपरांत नागरिक अस्पताल परिसर में चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने पौधारोपण कर पर्यावरण को शुद्ध करने का संदेश दिया। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से संयुक्त निदेशक शिल्पी पातड, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शकुंतला दहिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर, पीएमओ डॉ दिनेश कंसल, डॉ आरडी चावला, डॉ बलविंद्र गर्ग, डॉ संदीप बातिश, डॉ नीरज मंगला, डॉ नवराज, सुरेंद्र गर्ग के अलावा अन्य अधिकारी, अस्पताल का स्टाफ व महिलाएं मौजूद रही।

# नारा लेखन में सीवन का धीरज रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ डीइओ ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

जिला स्तरीय पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जखौली अड्डा, कैथल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ. विजयलक्ष्मी रही जबकि अध्यक्षता जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार ने की। डॉ. विजयलक्ष्मी ने जाखौली अडडा स्कूल में पौधारोपण करके एवम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे छोटे-छोटे प्रयास भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा /"एक पेड़ मां के नाम/" मुहिम चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को गति दी जा सकती है। सुशील कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल में डॉ. इन्दु राविश एवं डॉ. पूजा (एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, कैथल) तथा मिस मनीषा (आईजी कॉलेज, कैथल) सम्मिलित रहे। निर्णायकों ने मॉडल का मूल्यांकन किया और श्रेष्ठ प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए गए। जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागी इस माह कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रदर्शनी में भाग लेंगे।



**ये रहा परिणाम**

प्रतियोगिता के नाराः "प्रकृति की रक्षा – भविष्य की सुरक्षा" में प्रथम स्थान - धीरज ,राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, द्वितीय स्थान - अर्व बिढ़ान, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगरी गुलियाना, तृतीय स्थान -मनजीत ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरड तथा कंसोलेशन प्राइज -प्रिंस ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टीक है। प्रथम को 12000, द्वितीय को 10000, तृतीय को 8000 एवं कंसोलेशन प्राइज 5000 डीबीटी के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के खाते में भेजा जाएगा।

# एम.ए द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सत्र के छात्र तनिष्क गोयल रहे केयूके में चतुर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ छात्र के शानदार प्रदर्शानप पर किया सम्मानित

आर के एस डी महाविद्यालय के सायंकालीन सत्र के अर्थशास्त्र विभाग के एम.ए द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सत्र के छात्र तनिष्क गोयल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में चौथा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मेधावी छात्र ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं विभाग के शिक्षकों को दिया।

यह मेधावी छात्र भविष्य में सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश सेवा करना चाहता है। इस अवसर पर छात्र के महाविद्यालय पहुंचने पर आर वी एस एवं प्रबंधन समिति के प्रधान अश्विनी शोरेवाला, प्रबंधक सीमिति के कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी, कोलजियम के सदस्य गोरव मंगल, राजेश गर्ग, प्रवीन जैन, प्राचार्य डॉ राजबीर पराशर, सांयकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता ने मेधावी छात्र को 2100 रुपए की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया और छात्र के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की और अर्थशास्त्र विभाग को इस उपलब्धि की बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार के परिणाम देखने को मिलेगे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. मनिका गुप्ता, प्रो. अकिंत गर्ग, डॉ. मीनू अग्रवाल और प्रो. रेनू जांगडा आदि उपस्थित रहे।



एम .ए द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सत्र के छात्र तनिष्क गोयल को सम्मानित करते पदाधिकारी

# आत्म शुद्धि का पर्व है नवरात्रिः पं. रवि दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुण्डरी के प्रसिद्ध पंडित रवि दत्त शास्त्री नें शिव मंदिर में बताया की मां नव दुर्गा की आराधना से आता है जीवन में मंगल /"नवरात्र अर्थात सिर्फ नौ रातें नहीं अपितु जीवन की नवीन और नई रात्रि भी हैं। जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार का समावेश की घनघोर रात्रि है जिससे प्राय जीव उचित मार्ग के अभाव में भटकता रहता है। हमारे शास्त्रों में भी अज्ञान और विकारों को एक विकराल रात्रि के समान ही बताया गया है। इन दुर्गुण रूपी रात्रि के नाश के लिए व जीवन को एक नई दिशा, नई उमंग, नया उत्साह देने की साधना प्रक्रिया का नाम ही नवरात्र है l नवरात्र अर्थात जीवन की मुढ़ता रूपी रात्रि में एक नवीनता, एक नयापन लाने का प्रयासl मां दुर्गा साक्षात ज्ञान का ही स्वरूप है और नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना का अर्थ ही ज्ञान रूपी दीपक का प्रज्वलन कर जीवन के अज्ञान, तिमिर का नाश करना है।

**घटस्थापना मुहूर्त**

अमृत मुहूर्तः सुबह 6:19 बजे से 7:49 बजे तक शुभ मुहूर्तः सुबह 9:14 बजे से 10:49 बजे तक अभिजीत मुहूर्तः दोपहर 11:55 बजे से 12:43 बजे तक इस बार नवरात्रि 10 दिनों की होगी। भक्त मां शक्ति की आराधना करेंगे। महानवमी 30 सितंबर को मनाई जाएगी।

### स्वच्छता एवं पर्सनल सेफ्टी पर नाटक प्रस्तुत

**सीवन ।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने की, जबकि संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शशिकांता तथा इको क्लब इंचार्ज गुरुदेव सिंह के नेतृत्व में हुआ। विद्यालय की एनएसएस इकाई एवं विद्यार्थियों ने क्रांति मोहल्ला, सीवन में "स्वच्छता एवं पर्सनल सेफ्टी" विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक को दर्शकों ने अत्यंत सराहा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शशिकांता ने अपने उद्बोधन में साफ-सफाई और आपसी भाईचारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के विकास के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।

*सरकार व जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल*

# शहीदो के नाम पर किया जिले के चार स्कूलों का नामकरण

■ अमर शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और युवाओं को प्रेरणा देने का कर रही काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा ने बताया कि विशेष सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कैथल जिले में अमर शहीदों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और युवाओं को प्रेरणा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत जिले के चार स्कूलों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में डीसी प्रीति ने जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी, कैथल और जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किए थे। उन्होंने इन वीर शहीदों के नाम पर स्कूलों के नाम परिवर्तन का अनुमोदन किया है। यह कदम शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनकी वीरता को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।




शहीद लांस नायब नरिंद्र सिंधु स्कूल का मुख्य द्वार फोटो :हरिभूमि

### वीर नारी द्वारा किया गया पौधरोपण

*शहीद हवलदार संजय सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शहीद की धर्मपत्नी द्वारा पौधरोपण किया गया। उन्होंने इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और स्कूल का नामकरण शहीद के नाम पर करने पर सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद किया।*

# नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा वर्मा रही प्रथम



नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी मैडम रीतू देवी ने बताया कि हर वर्ष महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित किया जाता है । प्रतिभा खोज प्रतियोगिता दो दिवसीय प्रतियोगिता है जिसमें पहले दिन साहित्यिक प्रतियोगिताओं का व दूसरे दिन मंच की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

आज नृत्य और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इससे बतौर मुख्यातिथी महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत उप प्राचार्य शीशपाल भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व प्रतियोगिताओं के प्रति छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया।

## जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान व अन्य ने की शिरकत

# जाट कॉलेज कैथल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम में झूमे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट कॉलेज कैथल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार ने समस्त प्रबंधक समिति के साथ शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह ढिल्लों व सांस्कृतिक कमेटी के संयोजक कर्मवीर चहल व अन्य सदस्यों ने मुख्यअतिथि व समिति सदस्यों का पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि व अन्य सदस्यों को छात्राओं द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व सभी प्रबंधक समिति सदस्यों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह ढिल्लों ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कॉलेज द्वारा प्रतिभा खोज कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को सामने लाना है। इससे छात्रों में आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है व छात्र अपनी संस्कृति से भी परिचित होते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार बैनिवाल ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन में सभी छात्र-छात्राओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं में आपसी प्रेम -भाव की भावना विकसित होती है व कुछ नया भी सीखने को मिलता है।



जाट कॉलेज कैथल में प्रतिभा खोज कार्यक्रम में अव्वल रहे विद्यार्थी

### हरियाणवी डांस में पूजा रही प्रथम

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व प्रबंधन समिति सदस्यों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के हरियाणवी डांस में पूजा ने प्रथम ,नैंसी व भूमि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तृतीय स्थान मनीषा ने प्राप्त किया। गायन में ईशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंकुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में लक्ष्मी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व राखी ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में तनु ने प्रथम स्थान, भाषण में शीतल ने प्रथम स्थान और कविता पाठ में निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल ,कोषाध्यक्ष बलकार नैन कार्यकारिणी सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों को नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

कार्यक्रम में छात्रों की प्रस्तुति से प्रसन्न होकर मुख्य अतिथि राजकुमार बैनिवाल व जाट हाई सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला ने नैंसी, पूजा,व लक्ष्मी सभी को 1100-1100 रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रवीण धीमान, श्रजं सिंह व वंदना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई व डॉक्टर संदीप धारीवाल व आरती ने कुशलता पूर्वक मंच संचालन किया।

# किसान नेता घासी राम नैण को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

किसान नेता घासी राम नैण की 8वीं पुण्यतिथि पर आयोजित किसान महापंचायत में भाग लेने के लिए आज पूंडरी से सैंकड़ों किसानों का जत्था रवाना हुआ। भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान किसान भवन पूंडरी में एकत्रित हुए और वहां से एकजुट होकर महापंचायत स्थल बिनौना खाप, तरवाला (जींद) के लिए प्रस्थान किया। इस महापंचायत का आयोजन चौ. रघबीर सिंह नैण प्रधान सर्वजातीय बिनौना खाप की अध्यक्षता में किया जा रहा है। महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर के कई बड़े नेता शामिल होंगे, जिनमें चौ. राकेश टिकैत, कुलदीप कड्डू, रुल्दू सिंह मानसा, हरीश चौहान, सतीश मखदूम, जोगेन्द्र राम नैण और भाकियू के महासचिव जिया लाल प्रमुख हैं।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेड़ी शेरु (कैथल) द्वारा गांव के करौन्दा वाला व नहरण वाला तालाब को मछली पालन हेतु पट्टे पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे ग्राम सचिवालय में करवाई जाएगी। बोली की नियम और शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

ग्राम सचिव नरेश कुमार 9466032015
सरपंच अनिल कुमार 9416111619

## खबर संक्षेप

### अग्र समाज ने सरकार के सामने रखी छह मांगें

**जींद।** हरियाणा सरकार पहली बार प्रदेश स्तर पर महाराजा अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जबकि प्रदेश के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में समाज की एकता, संस्कृति और संगठनात्मक शक्ति का अद्भुत परिचय मिलेगा।

### शहीद के घर पहुंचे कमांडिंग ऑफिसर

**राजौंद।** शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु की रेजीमेंट के कमांड अधिकारी कर्नल कुमार वरूण सूबेदार मेजर बाबू लाल ने अमर शहीद नरेंद्र सिंधु के घर पहुंचकर शहीद के माता-पिता व परिवार का हाल-चाल जाना व संवेदना प्रकट की। उनके वीर पुत्र ने जो देश के लिए बलिदान दिया है वो बिरले ही ऐसी शहादत देते हैं। उन्होंने बताया नरेंद्र सिंधु ने जो वीरता का परिचय दिया वो असाधारण था। उन्होंने खुद को गोली लगने के बाद भी आंतकियो को मौत के घाट उतार कर अपना कर्तव्य पूरा किया।

### ओएसडीएवी स्कूल के खिलाड़ी खेलों में छाए

**कैथल।** राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में जैसे कुरुक्षेत्र में जूडो, रेवाड़ी में योगा और सोनीपत में बॉक्सिंग का आयोजन हुआ । इन प्रतियोगिताओं में सभी जिलों से आए प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में ओ.एस.डी.ए.वी. विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने भी अपना जौहर दिखाया ।योगा रिदमिक पेयर में कनिष्का व भव्या और हार्दिक व पार्थ तंवर ने रजत पदक जीता।

### आज अंतरराष्ट्रीय शांति सबसे आवश्यकता

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य युद्ध नही केवल शांति रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। इस अवसर पर उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय शांति के महत्व पर जोर दिया। डा. मोर ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में अंतरराष्ट्रीय शांति की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।

### सम्मान समारोह में जुटेगी लाखों की भीड़

**उचाना।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामपाल माजरा ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक की धरती से बदलाव की शुरूआत होगी। चौ. देवीलाल की जयंती पर रोहतक में सम्मान समारोह का आयोजन इनेलो कर रही है। प्रदेश के कौने-कौने से लोग समारोह में पहुंचेंगे। आज दूसरे दलों के साथ भाजपा से लोग इनेलो में शामिल हो रहे है। उचाना हलके से इनेलो सुप्रीमो रहे स्व. ओमप्रकाश चौटाला विधायक रहे है। यहां के लोगों का उनके प्रति लगाव रहा है।

## गेहूं और सरसो की बिजाई के करते समय पड़ेगी खाद की जरूरत

# डीएपी के लिए किसान सरकारी खरीद एजेंसियों पर दे रहे दस्तक, स्टॉक खत्म

**खाद नहीं मिलने से दर-दर भटक रहे किसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा




जींद। पेगां पैक्स का वह भवन जहां डीएपी खाद का फिलहाल कोई स्टाक नहीं। फोटो: हरिभूमि

धान की कटाई के साथ ही करीब एक माह बाद गेंहू की फ सल की बिजाई शुरू हो जाएगी, लेकिन नगूरां तथा पेगां सरकारी खरीद एजेंसियों (पैक्स)पर अभी तक भी डीएपी खाद का स्टाक खत्म है। इसके लिए किसान प्रतिदिन सरकारी खरीद एजेंसियों का रूख कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल किसानों को एक भी कटटा डीएपी खाद का नहीं मिल रहा है। नगूरां, पेगा तथा आसपास गांव के किसान विकास, हवा सिंह, रघुबीर, संदीप, महाबीर, सतपाल, बिंद्र, दलबीर, बिजेंद्र आदि का कहना है कि धान की कटाई के साथ ही करीब एक महिने बाद गेंहू तथा सरसों की बिजाई शुरू हो जाती है, लेकिन नगूरां तथा पेगां सरकारी खरीद एजेंसियों पर डीएपी खाद के अलावा यूरिया खाद की भी कमी है। किसानों ने इस समस्या का पूरी तरह से कृषि विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। किसानों का कहना है कि विभाग के आला अधिकारी किसानों की समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। हालांकि सरकारी खाद एजेंसियों ने कृषि विभाग के आलाधिकारियों के पत्र का हवाला देकर 30 सितबंर तक किसी भी किसान को डीएपी खाद वितरण न करने की बात कही है, लेकिन नगूरां, अलेवा समेत दर्जनों निजी खाद दुकानदारों के यहां किसानों की भीड़ लगी दिखाई देती है। क्षेत्र के किसानों को खाद की आवश्यकता होती है, उसी दौरान सरकारी खरीद एजेंसियों पर खाद की कमी हो जाती है, लेकिन निजी दुकानदार विभागीय अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनमर्जी के रेटों पर किसानों को खाद उपलब्ध कराकर मालामाल हो रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि उच्च अधिकारियों को इस बारे में मालूम ना हो, बल्कि अधिकारी भी सब कुछ जानते हुए मौन साधे हुए हैं। किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए इफ को और कृभको सरकारी एजेंसियों की व्यवस्था है, लेकिन इसके बावजूद किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद का स्टाक नहीं होने पर एजेंसियों पर या तो ताला लटका मिलता है या फिर शटर डाउन मिलता है।

### ...तो बर्बाद हो जाएंगी फसल

किसानों का कहना है कि अगर समय पर डीएपी खाद नहीं मिला तो फसल की बिजाई प्रभावित होगी। प्रत्येक वर्ष खाद की इसी प्रकार किल्लत होती है। किसानों का कहना है कि निजी खाद विक्रेता किसानों को खाद के साथ कीटनाशक दवाइयों के लिए बाध्य कर रहे हैं और ऊपर से रेट भी मनमर्जी के ले रहे हैं।

### नगूरां तथा पेगां से भेजी डिमांड: रणबीर सिंह

नगूरां तथा पेगां पैक्स के मैनेजर रणबीर सिंह व राजपाल ने बताया कि नगूरां में करीब 15 हजार तथा पेगां में 16 हजार डीएपी खाद के कट्टों की डिमांड कृषि विभाग को भेजी हुई है। यूरिया खाद के लिए भी डिमांड भेजी है। डीएपी खाद के लिए किसान सरकारी खरीद एजेंसियां (पैक्स) पर आ रहे हैं, लेकिन उनके पास डीएपी खाद का किसी प्रकार का स्टाक नहीं हैं। हालांकि कृषि विभाग ने 30 सितबंर तक खाद वितरण पर रोक लगा रखी है। यूरिया खाद भी पैक्सों में नाममात्र बचा है।




नरवाना। रामलीला के मंचन के लिए तैयार श्री भारतीय कला केंद्र का मंच।

# नरवाना में आज से शुरू होगा रामलीला का मंचन

- हुड्डा ग्राऊंड व पुरानी अनाज मंडी में होंगी दो रामलीलाएं
- पिछले कई दिनों से मंचन की तैयारियों में जुटे हैं कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना में रविवार से रामलीला का आयोजन शुरू हो जाएगा। नरवाना में इस बार हुड्डा ग्राऊंड व पुरानी अनाज मंडी में दो रामलीलाओं का आयोजन होगा। मेन रेलवे रोड़ पर हुड्डा ग्राऊंड में श्री भारतीय कला केंद्र के मंच पर रामलीला तो पुरानी अनाज मंडी में श्री रामा कला केंद्र की रामलीला का मंचन होगा। वर्षों पहले भी नरवाना में दो रामलीलाएं होती थी। श्री रामा कला केंद्र और भारतीय कला केंद्र के दो मंचों से रामलीला होती थी, लेकिन 2012 में दोनों का आपस में विलय हो गया और दोनों मंच का सांझा नाम दियाश्री रामा भारतीय कला केंद्र। 12 वर्षों से केवल श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच से ही रामलीला कर रहा है। रामलीला के प्रति लोगों का आकर्षण इतना ज्यादा है कि हजारों की तादाद में लोग आते हैं।

### एक माह से रिहर्सल

प्रधान भारत भूषण गर्ग ने कहा कि श्री रामा भारतीय कला केंद्र के कलाकार पिछले एक महीने से लगातार रिहर्सल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर शनिवार को ही शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक नाटक दिखाया जाएगा और रविवार को श्रवण कुमार का ड्रामा होगा। भारत भूषण गर्ग ने कहा कि 3 अक्टूबर तक चलने वाली रामलीला के दौरान एक से बढ़कर एक दृश्य दर्शकों को देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# स्कूल में दिव्यांगों की जांची सेहत

- कलायत के मॉडल संस्कृति स्कूल पहुंची डाक्टरों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर।

कलायत के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। 78 दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सीएमओ डा.रेनू चावला के निर्देश पर आयोजित शिविर दिव्यांग बच्चों को चिकित्सा और थेरेपी से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक विशेषज्ञ टीम मौजूद रही। डा.मीनाक्षी ने फिजियोथेरेपी से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श दिया। डा. नीलू चावला ने विशेष शिक्षा से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। ऑडियोलॉजिस्ट भुवन चावला ने श्रवण संबंधी जांच की और ऑप्टोमेट्रिस्ट जगदीप ने विद्यार्थियों की आंखों को जांचा। इसका उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य जांच करना बल्कि अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध सहायता एवं संसाधनों के प्रति जागरूक किया।

### शिक्षा के लिए अहम बेहतर स्वास्थ्य

स्कूल प्रिंसिपल सुखदेव सिंह ने सिविल अस्पताल टीम और विशेष रूप से सीएमओ डा.रेनू चावला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा शिविर दिव्यांग बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कदम से सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलता है। सीएमओ डॉ. रेनू चावला ने कहा सेवा पखवाड़ा के तहत हमारा प्रयास है कि हम समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। शिविर में विशेष अध्यापकों ने भी अपना पूर्ण योगदान दिया।

# पूर्व विधायक व सीईओ ने भी उठाई झाड़ू

- गांव उझाना में ग्रामीणों ने की स्कूल व गलियों की सफ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम गांव उझाना की सड़कों की सफाई करते हुए।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत गांव उझाना में पूर्व विधायक लीलाराम और जिला परिषद के सीओ सुरेश रावीश जी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर के गाँव में सफाई अभियान चलाया। सुबह 2 घंटे तक चलायी गई सफाई अभियान में अंबाड़ा रोड से लेकर के गाँव तक की सड़क के दोनों साइड का साफ सफाई की ओर गाँव के सरकारी स्कूल व गलियों में सभी ग्रामीणों ने पूर्व विधायक लीलाराम और जिला प्रशासन सीई ओ सुरेश रावीश के साथ मिलकर के सफाई की। स्वयं पूर्व विधायक और सीओ को लोगों ने जब झाड़ उठाए हुए देखा तो सभी ने कहा कि इस अभियान में हम भी सहयोग करेंगे और वहीं पर गांववासियों ने संकल्प लिया की आने वाले दिनों में हम सब अपने अपने घरों के सामने गलियों की सफाई किया करेंगे। गांव में जहां भी कूड़ा करकट दिखेगा तो तुरंत ही हम एक-दूसरे का सहयोग करते हुए इसे साफ करने का प्रयत्न करेंगे। वहीं पूर्व विधायक लीलाराम ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत पूरे देश के अंदर कार्यक्रम चले हुए हैं। कभी सफाई अभियान किया जाता है तो कभी रक्तदान के माध्यम से लोगों की सेवा की जा रही है क्योंकि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने लोगों के अंदर स्वच्छता को लेकर के जो अलग जगाई थी आज वो साकार होती दिख रही है क्योंकि आज देश का हर भारतवासी, बच्चा, बूढा और नौजवान सभी ये चाहते हैं कि मेरा मोहल्ला ,मेरी गली, मेरा गांव, मेरा देश स्वच्छ हो।

### यह बोले विधायक

लीलाराम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को लेकर जो अलख जगाई धीरे धीरे लोग उस पर अमल कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह लोगों का एक संस्कार बन जाएगा कि हम खुद भी स्वच्छ हों और हमारे आस-पास का वातावरण भी स्वच्छ हो। गाँव के सैकड़ों लोगों ने साथ रहकर के सफाई अभियान में हिस्सा लिया। लीला राम ने कहा कि कैथल हल्के के प्रत्येक गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा।

## कन्या कॉलेज : समाज के विकास में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका




पूंडरी। ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में एनएसएस प्रकोष्ठ तथा पर्यावरण प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अमिता राणा ने की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें भी एनएसएस स्वयंसेवक होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। प्राचार्या ने कहा कि पर्यावरण तथा आसपास की स्वच्छता के प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है और हमें इसे पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए।कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई।

# सफाई के प्रति किया जागरूक

- वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



नरवाना। वेदांता स्कूल में स्वच्छता का पालन करने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में शनिवार को विश्व सफाई दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन ने मिलकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनका मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना सभा के पश्चात हुआ। विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर आधारित विशेष विचार और कविताएं प्रस्तुत की। स्कूल परिसर व आसपास स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने स्वयं इस अभियान में भाग लेकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### एक साथ ली शपथ

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता केवल विद्यालय या घर तक सीमित नहीं होनी चाहिएए बल्कि हमें अपने पूरे समाज और पर्यावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। प्रधानाचार्या वीना डारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी आदत बननी चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे प्रतिदिन थोड़ी-थोड़ी सफाई की जिम्मेदारी लें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर यह शपथ ली कि वे सदैव स्वच्छता का पालन करेंगे और समाज में भी जागरूकता फैलाएं।

# गन्ना फसल में अंतर फसलीकरण अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**सेरधा गांव में शूगर मिल जीएम कृष्ण कुमार बोले**

सहकारी चीनी मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव सेरधा व कमोदा में किसानों को गन्ने की अधिक से अधिक शरद्कालीन बीजाई (सितंबर-अक्टूबर) करने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा में गन्ने की बुलाई (सितंबर-अक्टूबर) करीब 10-12 प्रतिशत क्षेत्रफल के हिस्से में की जाती है। अगेता गन्ना 20-25 प्रतिशत अधिक पैदावार देती है व जल्दी पककर तैयार हो जाती है। गन्ना फसल में अंतर फसलीकरण अपना कर बिना किसी दुष्प्रभाव के अतिरिक्त आमदनी किसान आसानी से ले सकते हैं। इस दौरान किसान तोरिया, सरसों, मटर, मेथी, चना, मसरी, लहसुन, आलू, धनिया अन्तः फसलें गन्ने के साथ आसानी से उगा सकते हैं।



कैथल। सहकारी चीनी मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार किसानों के साथ।

### हर बार हार पर कांग्रेस बनाती है नया बहाना: अत्री



**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा देश, प्रदेश में नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। आज कांग्रेस से लोगों को मन उतर चुका है। हर बार हार पर कांग्रेस नया बहाना बनाती है। लोकसभा चुनाव में हारे तो कुछ बहाने अब विधानसभा में हारे तो कुछ बहाने बनाती है। देश का मतदाता जानता है कि कांग्रेस नेता जो आरोप लगा रहे है वोट चोरी के वो निराधार है। झूठ बार-बार झूठ बोलने से सच नहीं बन सकता है। आज देश का मतदाता जान चुका है कि उनके हित पीएम नरेंद्र मोदी वाली भाजपा सरकार में सुरक्षित है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## आस्था

### खीर, हलवा और पूरी खिलाने से गायों की होती है अकाल मौत: विवेक आर्य

# सर्वपितृ अमावस्या पर आज हजारों श्रद्धालु पिंडारा तीर्थ में लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

**आश्विन मास की अमावस्या स्राद्य दिन श्राद्ध संपन्न कर सकते हैं: नवीन शास्त्री**

- तीर्थ पर श्रद्धालु करेंगे पिंडदान, उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पिंडारा तीर्थ, जहां आज श्रद्धालु स्नान करेंगे। फोटो: हरिभूमि

सर्व पितृ अमावस्या रविार को है। हिंदू धर्म में सर्व पितृ अमावस्या का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन सभी पितरों को श्रद्धा और तर्पण के माध्यम से विदाई दी जाती है। पंचांग के अनुसार हर वर्ष आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सर्व पितृ अमावस्या मनाई जाती है। यह दिन उन पितरों के लिए विशेष होता है व मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है या जिन्हें किसी कारणवश समय पर श्राद्ध नहीं किया गया। इसलिए इसे सभी पितरों की अमावस्या कहा जाता है। इस वर्ष सर्व पितृ अमावस्या और भी खास मानी जा रही है। इसी दिन साल का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण भी है। मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितरों के नाम पर दान करना बहुत भी फलदायी होता है। सर्व पितृ अमावस्या को सूर्य ग्रहण देर रात 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगा और ब्रह्म मुहुर्त में सुबह तीन बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। भारत में दिखाई नहीं देगा। सूतक भी मान्य नही होगा।

### आज खत्म होंगे श्राद्ध

श्राद्ध पक्ष रविवार को खत्म हो रहे हैं। रविवार को अमावस्या पर पितरों के तर्पण के लिए पिंडारा तीर्थ पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ उमड़ेगी।

### स्नान कर घर पर बनाएं भोजन: नवीन शास्त्री



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि यदि किसी कारणवश श्राद्ध पक्ष में श्राद्ध नहीं निकाल पाए तो भी आप सर्व पितृ अमावस्या दिन श्राद्ध संपन्न कर सकते हैं। इस दिन किसी सात्विक और विद्वान ब्राह्मण को घर पर निमंत्रित करें और उनसे भोजन करने और आशीर्वाद देने की प्रार्थना करें। स्नान करके शुद्ध मन से भोजन बनाएं लेकिन भोजन सात्विक होना चाहिए। सर्व पितृ अमावस्या के दिन अगर आपके घर कोई भी भिखारी आए, तो उसे दरवाजे से खाली हाथ न लौटाएं।

### कहीं पुण्य कमाने के चक्कर में न बन जाएं पाप के भागीदार

एडीसी विवेक आर्य ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गायों को श्राद्ध, अमावस्या व नवरात्रों के दिन खीर, हलवा व पूरी आदि तली हुई चीजें नहीं खिलाएं। इसके अत्यधिक सेवन से गायों की अकाल मौत हो जाती है। ऐसे में इंसान पुण्य कमाने के चक्कर में पाप का भागीदार बन जाता है। गायों को इन दिनों में आम नागरिक इन चीजों की बजाए हरा चारा, गुड़ खिलाएं।